कंप्यूटर एवं इंटरनेट के सहारे शिक्षा का प्रसार तीव्र गति से होने की संभावना बढ़ गई है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात की सुविधा के अभाव स्वरूप कई बच्चे स्कूल नहीं जा सकते। हर गाँव में पाठशाला का प्रबंध सरकार द्वारा किया जाता है, लेकिन प्रशिक्षित शिक्षक एवं साधन सामग्री के अभाव के फलस्वरूप शिक्षा का प्रसार बहुत धीमी गति से हो रहा है। आनेवाले दिनों में हर स्कूल, महाविद्यालय में कंप्यूटर एवं इंटरनेट सेवा अनिवार्य हो जाएगी। एन.आय.सी पुणे ने वारणानगर गोकुल दूध डेअरी परिसर हेतु कंप्यूटर पर मराठी भाषा को स्थापित किया है। इसके द्वारा ग्रामीण किसान व छात्र अपनी भाषा में कंप्यूटर के सहारे दैनंदिन कामकाज करने में सक्षम हो गए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी में हिन्दी भाषा का प्रचलन धीरे-धीरे बढ़ रहा है। माइक्रोसॉफ्ट, याहू, रेडिफ आदि विदेशी कंपनियों ने अपनी वैबसाइट पर हिन्दी भाषा को स्थान दिया है। बी.बी.सी. ने भी पंजाबी, बंगाली के साथ-साथ हिन्दी में वैबसाइट विकसित की है। सूचना प्रौद्योगि की में ई-कॉमर्स, ई-गवर्नस क्षेत्र में हिन्दी का विकास धीरे-धीरे हो रहा है। भारत सरकार के नेशनल सेंटर फार सॉफ्टवेअर टेक्नॉलॉजी (NCST) ने सभी भारतीय भाषाओं की लिपि को कंप्यूटर पर स्थापित करने हेतु विशेष अभियान चलाया है। अमेरिकन माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने एन.सी.एस.टी के साथ एक संयुक्त योजना के तहत विश्वप्रसिद्ध विंडोज़ प्रणाली पर भारतीय भाषाओं को विकसित करने का कार्य शुरू किया है। एम.एस ऑफ़िस सॉफ्टवेअर-2000 के दक्षिण एशियाई संस्करण में अब तमिल और देवनागरीलिपि को स्थापित किया गया है। भारत की आम जनता भारतीय भाषाओं में तथा दृश्यचित्र और स्पर्श के सहारे कंप्यूटर का प्रयोग सभी क्षेत्रों में कर सकेगी।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने खारघर (नईमुंबई) स्थित छः एकड़ भूमि में पच्चीस करोड़ राशि की

लागत से भारतीय भाषाओं के सॉफ्टवेअर विकसित करने हेतु कार्य शुरू किया है। सी-डैक ने इंड बाज़ार डॉट कॉम (Ind-bazaar.com) के सहयोग से हिन्दी भाषा सीखने हेतु 'लीला' नामक वैबसाइट उपलब्ध करवाई है। इस वैबसाइट के सहारे भारतीय भाषाओं की पढ़ाई ऑनलाइन मुफ़्त प्रदान की जा रही है। संस्कृत भाषा का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व ध्यान में रखते हुए सी-डैक ने चारों वेद एवं अन्य पौराणिक ग्रंथों को व्यास नामक वैबसाइट पर प्रकाशित किया है। रेडिफ, भारतमेल, जिस्टमेल, अपनामेल, वी.एस.एन.एल., वैबदुनिया, जागरण आदि अनेक भारतीय एवं विदेशी साईट पर भीई-मेल में हिन्दी की सुविधा बहाल की गई है। सूचना प्रौद्योगिकी के आधुनिक उपकरणों का प्रसार आम जनता तक पहुँचाने हेतु सिम कंप्यूटर जैसे सस्ते उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु सरकार प्रयत्नशील है।

विज्ञान का अंतिम लक्ष्य साधारण ग़रीब व्यक्ति के आर्थिक सामाजिक विकास में सहायता करना है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय युवकों ने अपनी प्रतिभा एवं अंग्रेज़ी भाषा पर प्रभुत्व के कारण अमेरिका के सिलीकॉन वैली में कार्यरत माइक्रोसॉफ्ट, पैंटियम, इंटेल आदि कंप्यूटर क्षेत्र में 50 प्रतिशत भागीदारी दर्ज़ है। विदेशी कंपनियों के सीमित लक्षय को ध्यान में रखते हुए भारतीय युवक कुछ कालावधि केलिए अनुबंध करके विदेश में चले जाते हैं। लेकिन बदली आर्थिक स्थिति में विदेशी कंपनियाँ भारतीय युवकों को अनुबंध भंग करके लौटा रहे हैं। विदेश में प्रशिक्षित कंप्यूटर इंजीनियर को आकर्षित करके भारतीय भाषाओं को सूचना प्रौद्योगिकी में विकसित करना चाहिए।

भारत में नव-निर्मित सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह जान लिया है कि देश में डिजिटल विभाजन बढ़ गया है। इंटरनेट का प्रयोग कुछ सीमित अंग्रेज़ी जाननेवाले अमीर लोगों तक सीमित है। ग्रामीण क्षेत्र में दूरसंचार नेटवर्क विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। इंटरनेट विकास हेतु दूरसंचार क्षेत्र को आधार बनाया गया है। नेशनल इंटरनेट बैकबोन (राष्ट्रीय इंटरनेट ढाँचा) विकसित करने में दूरसंचार की अहम भूमिका होगी। विदेश की तुलना में भारत में दूर संचार घनता प्रति व्यक्ति दो या तीन है जबकि चीनी, जापान आदि एशियन देशों में यह प्रतिशत 15-20 तक है।

भारत सरकार की नीति के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र का राजस्व रिकार्ड भारतीय भाषा में विकसित किया जा रहा है। लैंडरिकार्ड नामक महत्वाकांक्षी योजना में हिन्दी भाषा का प्रयोग बढ़ने की संभावना है। आनेवाले दिनों में /उत्तर भारत का साधारण पटवारी लैंड रिकार्ड हिन्दी में कंप्यूटर पर तुरंत प्रस्तुत करेगा।

कंप्यूटर की सहायता से विश्वविद्यालय, स्कूल में शिक्षा का प्रसार बढ़ाया जा सकता है। आज अमेरिका में एम.आई.टी. संस्था ने अपने सभी पाठ्यक्रम इंटरनेट पर मुफ़्त प्रस्तुत किए हैं। डिप्लोमा से लेकर पी-एच.डी, डी-लिट तक सभी पाठ्यक्रम विश्व के किसी भी कोने में बैठकर इंटरनेट द्वारा हासिल किए जा सकते हैं।

स्कूली स्तर पर हिन्दी भाषा का पाठ्यक्रम प्रयोजनमूलक बनवाकर विज्ञान, गणित, वाणिज्य आदि विषयों के साथ ताल मेल बैठाया जाए तथा यह सामग्री इंटरनेट पर जोड़ी जाए जिससे छात्र हिन्दी पाठों को रूचि से पढ़े तथा हिन्दी को व्यवहार में लाए। आंतरिक प्रतिभा का विकास करने हेतु विचार अभिव्यक्ति का माध्यम मातृभाषा में होना ज़रूरी है।

इंजीनियरिंग, मेडिकल और प्रबंधन में स्नातक स्तर पर हिन्दी भाषा में जनसंपर्क प्रोजेक्ट अनिवार्य हो जिससे वे लोकभाषा हिन्दी में सूचना संग्रह कर सकें।

समाजोपयोगी कार्यक्रमों को आम लोगों को समझा ने में समर्थ हो सकें। विचारणीय है कि यदि हमारे इंजीनियर, डॉक्टर, प्रबंधक उपयुक्त टेक्नॉलॉजी और तकनीक को जनसामान्य को जितने प्रभावी ढंग और आसानी से समझा सकेंगे देश की उन्नति तेज़ हो जाएगी। देश की प्रगति और लोकभाषा में संप्रेषण समता केबीच सीधा संबंध है।

भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के नीति निर्धारण में हिन्दी भाषा को समुचित स्थान प्राप्त होना चाहिए। भारत सरकार के कई मंत्रालयों एवं विभागों की साईट पर डायनैमिक हिन्दी फॉन्टस के अभाव स्वरूप साईट पढ़ने में दिक्कतें आ जाती है। हर बार अलग-अलग फांटडाउन लोड करना और उसे पढ़ना असुविधा जनक महसूस होता है। सभी सरकारी वैबसाइट द्विभाषी (हिन्दी-अंग्रेज़ी) होनी चाहिए लेकिन इस दिशा में बहुत कम प्रयास किए जा रहे हैं। अंग्रेज़ी वैबसाइट की तुलना में संबंधित हिन्दी वैबसाइट बहुत संक्षिप्त एवं अनाकर्षक होती है। राजभाषा नियम के अनुसार सभी वैबसाइट हिन्दी में तैयार करना अनिवार्य है।

इंटरनेट सेवा के अंतर्गत ई-मेल, चॅटिंग, वाइसमेल, ई-ग्रीटिंग आदि बहुपयोगी क्षेत्र में हिन्दी भाषा का विकास एवं संप्रेषण की

संभावनाएँ अधिक है। स्पीच रिकग्नीशन (Speech Recognition) यह एक ध्वनि आधारित कंप्यूटर सॉफ्टवेअर है। वर्तमान स्थिति में यह पैकेज अंग्रेज़ी भाषा में उपलब्ध है। सी-डैक यह सुविधा हिन्दी में उपलब्ध करवाने हेतु अनुसंधान कर रही है। स्पीच रिकग्नीशन के सहारे अनपढ़ व्यक्ति भी कंप्यूटर के सामने बैठकर अपने विचार, शिकायत, सुझाव आदि बोलकर अपनी भाषा में संबंधित कंप्यूटर पर लिपिबद्ध कर सकता है। कंप्यूटर पर हिन्दी भाषा ध्वनि, चित्र, एनीमेशन के सहारे विकसित की जा रही है।

2.1.2 विश्वजाल पर हिन्दी और भारतीय भाषाओं का प्रसार

सूचना प्रौद्योगिकी के बदलते परिवेश में हिन्दी भाषा ने अपना स्थान धीरे-धीरे प्राप्त कर लिया है। आज हमारी मानसिकता में बदलाव लाने की ज़रूरत है। आधुनिकीकरण के दौर में भाषा भी अपना स्थान ग्रहण कर लेती है। हिन्दी की उपादेयता पर कोई भी प्रश्नचिह्न लगा नहीं सकता। लेकिन संकुचित स्वार्थ के कारण भारतीय भाषाओं को नकारना हमारी मानसिक गुलामी की निशानी है।

आज भले ही चीन, जापान, रूस, जर्मनी, अरब आदि अंग्रेज़ीतर देशों ने अपनी भाषा में विकास किया हो, लेकिन भारत में अगर राजभाषा, संपर्क भाषा, लोक भाषा को हम विकसित नहीं कर पाए तो यह हमारी ही रहेगी। जिस देश के नवयुवकों ने कंप्यूटर सॉफ्टवेयर प्रणाली को विकसित किया है, उसी देश की जनता को विदेश की ओर मुँह ताकना पड़ता है। इस स्थिति में बदलाव लाने की ज़रूरत है। भाषा का संबंध जिस तरह मन, बुद्धि से होता है, उसी तरह उसका संबंध हर व्यक्ति के रोजी रोटी तथा पारिवारिक विकास से भी जुड़ा होता है। इसलिए सूचना प्रौद्योगिकी के नए तंत्र को समझ लेना चाहिए। विश्व स्तर के कई सॉफ्टवेयरों में अभी तक हिन्दी का समावेश नहीं किया गया है।

निम्नलिखित इंटरनेट साइट पर हिन्दी सहित प्रमुख भारतीय भाषाओं केलिए उपयुक्त संपर्कसूत्र, ई-मेल, सॉफ्टवेयर आदि जानकारी उपलब्ध है।

1. **www.rajbhasha.nic.in**

राजभाषा विभाग, गृहमंत्रालय, भारत सरकार की इस साइट पर राजभाषा हिन्दी संबंधित नियम, अधिनियम, वार्षिककार्यक्रम, तिमाही, अर्धवार्षिक, वार्षिक, विवरण हिन्दी सीखने केलिए लिला-प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञपॅकेज आदि महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध है। इस साइट पर उपलब्ध जानकारी सभी सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों, उद्यमों केलिए उपयुक्त हैं।

2. **www.rajabhasha.com**

इस साइट पर राजभाषा हिन्दी संबंधित नियम, साहित्य, व्याकरण, शब्दकोश, पत्रकारिता, तकनिकी सेवा, हिन्दी संसार, पूजा-अर्चना, हिन्दी सीखें आदि संपर्क सूत्र उपलब्ध है।

3. **www.indianlanguages.com**

इस साइट पर हिन्दी सहित सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं केलिए साहित्य, समाचार-पत्र, ई-मेल, सर्च-इंजन आदि महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध है।

4. **www.tdil.mit.gov.in**

सूचना पौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने भारतीय भाषाओं केलिए प्रौद्योगिकी विकास (Technology Development For Indian Languages) नामक इस साइट पर राजभाषा हिन्दी विकास संबंधित तकनीकी जानकारी, साफ्टवेयर अनुसंधानरत संघटनों की जानकारी, भारत सरकार की योजना-भाषा-2010 आदि उपलब्ध है। इस साइट की इलेक्ट्रॉनिक पत्रिका 'विश्वभारत' अत्यंत उपयोगी है। इस साइट पर ऑनलाईन अनुवाद सेवा 'आंग्ल भारती' जो आई.आई. टी. कानपुर ने प्रदान की है। भारतीय भाषाओं केलिए उपयुक्त तकनीकी जानकारी उपलब्ध है।

5. **www.cdacindia.com**

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने भारतीय भाषाओं केलिए इस साइट पर सॉफ्टवेयर, तकनीकी विकास संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदानकी है। हिन्दी, मराठी, संस्कृत और कोकणी भाषाओं केलिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

6. **www.dictionary.com**

इस साइट पर विश्व की प्रमुख भाषाओं के शब्दकोश, अनुवाद, समानार्थी शब्दकोश, वैब डिरेक्टरी, वायरलेस मोबाइल शब्दकोश तथा व्याकरण संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध है।

7. **भारतीय वैब सर्च इंजन:**

www.searchindia.com
www.jadoo.com
www. khoj.com
www.iloveindia.com
www.123india.com
www.samilan.com
www.samachar.com
www.search.asiaco.com
www.rekha.com
www.sholay.com
www.locateindia.com

www.mapsofindia.com
www.webdunia.com
www.netjal.com
www.indiatimes.com

8. **www.wordanywhere.com**

इस साइट पर हिन्दी सहित विश्व की सभी भाषाओं को सीखने केलिए इलेक्ट्रानिक सुविधाएँ उपलब्ध है। विश्व की 80 भाषाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने हेतु पर्यटकों केलिए Gold Partner V6 नामक उपलब्ध है।

9. **www.wordanywhere.com**

इस साइट पर किसी भी अंग्रेज़ी शब्द का हिन्दी समानार्थी शब्द तथा किसी हिन्दी शब्द का अंग्रेज़ी समानार्थी शब्द प्राप्त किया जा सकता है।

10. **हिन्दी में ई-मेल की सुविधाएँ:**

www.epatr.com
www.mailjol.com
www.langoo.com
www.cdacindia.com
www.bharatmail.com
www.rediffmail.com
www.webdunia.com
www.danikragran.com
www.rajbhasha.nic.in

11. **www.bharatdarshan.co.nz**

न्यूजीलैंड में बसे मूल भारतीय लोगों ने इस साइट पर हिन्दी साहित्य, कविताएँ, लघुकथाएँ, व्याकरण आदि सामग्री प्रस्तुत की है।

12. **www.boloji.org**

पारिवारिक रंगारंग पत्रिका जिसमें हिन्दी साहित्य, कला, संस्कृति आदि संबंधित संकलन उपलब्ध है।

13. **www.unl.ias.unu.edu**

टोकिया विश्वविद्यालय द्वारा विकसित इस साइट पर हिन्दी सहित विश्व की 15 भाषाओं के विकास केलिए अनुसंधान कार्य जारी है। इस योजना का नाम Universal Net Working Languages रखा है, जिसमें सभी शब्द कोश तथा अनुवाद कार्य के सहारे विश्व शांति एवं एकता स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। विश्व की प्रमुख 15 भाषाओं में हिन्दी को कंप्यूटर में विकसित किया जा रहा है।

14. **www.hindinet.com**

इस साइट पर हिन्दी भाषा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, संपर्क सूत्र उपलब्ध है। हिन्दी पाठकों, भाषाशास्त्री तथा छात्रों केलिए अत्यंत उपयुक्त साईट।

15. **www.microsoft.com/india/hindi2000**

विश्व प्रसिद्ध माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने हिन्दी भाषा के लिए एम एस ऑफ़िस-2000 पॅकेज विकसित किया है। माइक्रोसॉफ्ट के अन्य उत्पादों में हिन्दी को शामिल किया गया है।

16. **www.cstt.nic.in**

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, भारत सरकार द्वारा विकसित इस साइट पर प्रशासनिक शब्दकोश सहित अनेक विषयों के तकनीकी शब्दकोश प्रस्तुत किए गए हैं। हिन्दी, अंग्रेज़ी के लिए उपलब्ध शब्द-कोश कार्यालयों केलिए काफ़ी उपयोगी है।

17. **www.ciil.org**

केंद्रिय भारतीय भाषा संस्थान, भारत सरकार ने सभी भारतीय भाषाओं के विकास केलिए इस साइट का निर्माण किया है। सभी भारतीय भाषाओं में पारस्पारिक आदान-प्रदान केलिए यह संस्थान विशेष कार्य कर रहा है।

18. **www.gadnet.com**

इस साइट पर हिन्दी भाषा का इतिहास, हिन्दी की कविताएँ, गीत आदि साहित्य उपलब्ध है।

19. **www.nidatrans.com**

इस साइट पर हिन्दी, अंग्रेज़ी, तमिल, तेलुगु भाषाओं केलिए अनुवाद, डीटीपी आदि सेवा उपलब्ध है।

20. **www.shamema.com**

इस साइट पर हिन्दी, अंग्रेज़ी, उर्दू, पख्तु, पाश्तो भाषाओं केलिए समानार्थी शब्द प्राप्त किया जा सकते हैं।

21. **www.hindibhasha.com**

इस साइट पर हिन्दी भाषा केलिए उपयुक्त जानकारी उपलब्ध है।

चर्चा के बिंदु: Point of Discussion

- हिन्दी में उपलब्ध वेबसाइट।
- हिन्दी भाषा की संवैधानिक प्रावधान।

Critical Overview / अवलोकन

सूचना प्राद्योगिकी के बदलते परिवेश में हिन्दी भाषा ने अपना स्थान धीरे-धीरे प्राप्त कर लिया है। आज हमारी मानसिकता में बदलाव लाने की ज़रूरत है। आधुनिकीकरण के दौर में भाषा भी अपना स्थान ग्रहण कर लेती है। हिन्दी की उपादेयता पर कोई भी प्रश्नचिह्न लगा नहीं सकता। लेकिन संकुचित स्वार्थ के कारण भारतीय भाषाओं को नकारना हमारी मानसिक गुलामी की निशानी है।

SREENARAYANAGURU OPEN UNIVERSITY

Recap/पुनरावृत्ति

- भाषा
- भारतीय भाषा
- प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भाषा
- हिन्दी भाषा
- हिन्दी भाषा के संवैधानिक प्रावधान
- हिन्दी भाषा में उपलब्ध वेबसाइट
- केंद्र सरकारी कार्यालय में प्रयुक्त वेबसाइट
- केंद्र सरकारी कार्यालय के वेबसाइट में उपलब्ध द्विभाषिकता।
- प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिन्दी भाषा का योगदान।

Objective questions/वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. हिन्दी भाषा को संवैधानिक प्रावधान कब मिली?
2. हिन्दी भाषा में उपलब्ध एक वेबसाइट लिखिए?
3. केंद्र सरकारी कार्यालय में प्रयुक्त दो वेबसाइट लिखिए?
4. हिन्दी साहित्य का इतिहास किस वेबसाइट में मिली है?

Answers/उत्तर

1. 1949 ई. सितंबर 14।
2. www.hindinet.com
3. www.cstt.nic.in
   www.ciil.org
4. www.gadnet.com

Assignments/प्रदत्त कार्य

1. हिन्दी भाषा में उपलब्ध वेबसाइटों का परिचय दीजिए।
2. भाषा माने क्या है?
3. विश्वजाल में हिन्दी भाषा का स्थान किस प्रकार है?
4. कंप्यूटर के क्षेत्र में हिन्दी भाषा का प्रसार किस प्रकार है?
5. हिन्दी भाषा की संवैधानिक स्थिति का परिचय दीजिए?

इकाई 2

Leap office, ISM, Pagemaker

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- लीफ ऑफिस का परिचय प्राप्त होता है
- पेजमेकर की विशेषताएँ समझता है
- पेजमेकर का मुख्य डिजाइनिंग का प्राथमिक परिचय प्राप्त होता है

Prerequisites / पूर्वापेक्षा

लीप ऑफिस एक कानूनी अभ्यास प्रबंधन कार्यक्रम है जो एक छोटी कानूनी फॉर्म में की गई विभिन्न भूमिकाओं का एक बेजोड़ अभिसरण प्रदान करता है।

पेजमेकर एक डेस्कटॉप एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है, जिसका उपयोग पेजले आउट डिजाइन केलिए किया जाता है।

Keywords / मुख्य बिन्दु

कानूनी अभ्यास प्रोग्राम, डिजाइन, एडिटिंग

Discussion / चर्चा

2.2.1 लीप ऑफिस

लीप ऑफिस एक कानूनी अभ्यास प्रबंधन कार्यक्रम है जो एक छोटी कानूनी फॉरमेन की गई विभिन्न भूमिकाओं का एक बेजोड़ अभिसरण प्रदान करता है।

ग्राहक जो भी काम करना चाहता है उसे एक ही प्रबंधन ढांचे में ट्रैक और रिपोर्ट किया जाता है। ताकि वह और उनकी टीम केवल सच्चाई के संस्करण पर काम कर सके।

2.2.1.1 लीप ऑफिस 2000

लीप ऑफिस भारतीय भाषा में कार्यालय अनुप्रयोगों केलिए एकपूर्ण कार्यक्रम है। इसे Mithi.com प्राइवेट केसाथ साझेदारी में बनाया गया था।

लीप ऑफिस 2000 में कई विशेषताएँ हैं, जो इसे भारतीय भाषाओं का उपयोग करने केलिए अविश्वसनीय रूप से सुविधाजनक बनाती हैं। यह ग्राहक की उत्पादकता को बढ़ाने केलिए कई तरीके प्रदान करता है। इसमें बहुभाषी वर्तनी वर्तनी परीक्षक की बोर्ड शॉर्टकट स्कैन और बदलें, वेब कीबोर्ड और राजभाषा शब्दकोश आदि शामिल हैं।

लीप ऑफिस ने इंटरनेट जैसी उभरती हुई तकनीक को अच्छी तरह अपनाया है। इसमें किसी अन्य प्रकाशन केपास जाए बिना भारतीय भाषा में ईमेल भेजने की सुविधा है। लीप ऑफिस का उपयोग करके वेबसाइट बनाना उतना ही आसान है जितना कि कोई अन्य टेक्स्ट बनाना।

2.2.1.2 लीप ऑफिस की विशेषताएँ

- बहुत आसान यूजर इंटरफेस।
- उन लोगों केलिए ऑनलाइन सक्रिय कीबोर्ड शैली जो बहुभाषी नियंत्रक टाइप करना नहीं जानते हैं।
- भारतीय भाषाओं में सीधे ईमेल सेवा।
- भारतीय भाषाओं में वेबसाइटों की प्रस्तुत करने की सुविधा।
- समानार्थक शब्दकोश।

SREENARAYANAGURU OPEN UNIVERSITY

- LEAP Office 2000 से अन्य Windows आधारित सोफ्टवेयर निर्बाध फाईल विनिमय।

2.2.2 पेजमेकर

पेजमेकर (Pagemaker) एक डेस्कटॉप एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है, जिसका उपयोग पेजलेआउट डिजाइन केलिए किया जाता है, जैसे- ब्रेषर, मैगजीन, बुक, शादी कार्ड्स, इनविटेशन कार्ड्स, पोस्टर्स, बैनर्स, बुक डिजाइनिंग आदि। पेजमेकर का मुख्य कार्य डिजाइनिंग और एडिटिंग करना है।

आज की तारीख में पेजमेकर सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जानेवाला एक ग्राफिक डिजाइन सॉफ्टवेयर है, जिसका इस्तेमाल डेस्कटॉप पब्लिशिंग केलिए किया जाता है।

पेजमेकर (Pagemaker) का निर्माण Adlus कॉरपोरेशन द्वारा 1985 में किया गया था, लेकिन 1994 में Adobe कंपनी द्वारा इसका अधिग्रहण कर लिया गया।

डेस्कटॉप उपयोगकर्ताओं के लिए Pagemaker एक लोकप्रिय ग्राफिक्स सॉफ्टवेयर है। Pagemaker के आने के बाद से एडिटिंग की दुनिया में एक अलग ही बदलाव आया है, क्योंकि आज के डिजिटल वर्ल्ड में एडिटिंग और प्रेजेंटेशन का काफी महत्व है।

2.2.2.1 पेजमेकर के विभिन्न घटक

- **Title Bar–** यह Pagemaker विंडो के सबसे ऊपरी भाग में होता है, जिसमें आप अपने डॉक्यूमेंट का नाम डालकर सेव कर सकते हैं। और अगर आप अपने डॉक्यूमेंट को सेव नहीं करते हैं, तो टाइटल बार में Untitled-1 शो करता है।
- **Rulers–** Pagemaker में दो Rulers होते हैं, जिन्हें वर्टीकली और हॉरिज़ॉन्टली मूव किया जा सकता है, पेज की लम्बाई-चौड़ाई बताने केलिए इसका उपयोग किया जाता है।
- **Pasteboard–** पेस्टबोर्ड पेजमेकर डॉक्यूमेंट के पीछे का बैकग्राउंड (पृष्ठ) होता है, इसका इस्तेमाल टेक्स्ट और इमेजेस (Graphics Elements) को अस्थायी रूप से रखने केलिए होता है, कि आइटम्स को कहाँ और पृष्ठों के बीच कब रखना है।
- **Page Icon–** पेजमेकर के मेनूबार के नीचे जो स्टैंडर्ड टूलबार दिया होता है वही Page Icon कहलाते हैं। इसमें इस्तेमाल की जानेवाली कमांड जैसे- न्यू, ओपन, सेव, प्रिंट, फाइंड आदि Icons के रूप में दिए होते हैं। जिसे आप अपने हिसाब से इस्तेमाल कर सकते हैं।

2.2.2.2 पेजमेकर की विशेषताओं का वर्णन कीजिए

Pagemaker का सबसे नया एडिशन 7.0 है। इस एडिशन में Adobe ने बहुत से नए तरह के बदलाव किये हैं और इसमें नए Features डाले गए हैं। आईये जानते हैं इसके Features के बारे में:

- पेजमेकर में टेम्प्लेट्स काफी प्रोवाइड किया गया है, जिनमें पेजों की डिजाईन पहले से ही बनी होती है, आप बस इसे ओपन करके उपयोग में ले सकते हैं। इससे आपका काम जल्दी और आसानी से हो जाएगा।
- Pagemaker में टूलबार की सुविधा भी दी गई है, जिसके जरिए आप अपने डॉक्यूमेंट या फाइल को सेव, प्रिंट कर सकते हैं। इसके साथ ही टूलबार में फॉर्मेटिंग और स्पेलिंग चेक करने का कमांड भी दिया गया है।
- इसमें कलर मैनेजमेंट नाम सेटूल ऐड किया गया है। इसके जरिये आप डॉक्यूमेंट के कलर को अपनी पसंद के अनुसार चेंज कर सकते हैं।
- क्लिप आर्ट के प्रयोग से आप Image और Icon का उपयोग पब्लिशिंग में आसानी से कर सकते हैं।
- Pagemaker में लेटेस्ट प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी केद्वारा आप दोनों तरफ प्रिंटिंग, डुप्लेक्स प्रिंटिंग, बाइंडिंग प्रिंटिंग आदि कम समय में और आसानी से कर सकते हैं।

चर्चा के बिंदु: Point of Discussion

- पेज मेक की सुविधाएँ।
- पेजमेकर की आने केबाद एडिटिंग दुनिया मेंहोनेवाले बदलाव।

Critical Overview / अवलोकन

लीप ऑफिस कानूनी अनुभव के परिणाम स्वरूप ग्राहक दक्षता में पर्याप्त वृद्धि से लाभान्वित होता है। लीप ऑफिस दो दर्जन भारतीय भाषा में कार्यालय अनुप्रयोगों केलिए एक पूर्ण कार्यक्रम है।

Pagemaker एक डेस्कटॉप पब्लिशिंग सॉफ्टवेयर है, जिसका इस्तेमाल Cards, Boucher, Invitation Card, Poster, Banners, Document बनाने केलिए, मॉडिफाई करने केलिए और उन्हें प्रिंट करने केलिए किया जाता है

Recap /पुनरावृत्ति

- कंप्यूटर प्रोग्राम।
- कानूनी आवश्यकता केलिए प्रयुक्त प्रोग्राम
- लीप ऑफिस।
- लीप ऑफिस 2000
- लीप ऑफिस के उपयोग।
- पेजमेकर।
- पेजमेकर की विशेषताएँ।

Objective questions /वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. लोकप्रिय ग्राफिक सॉफ्टवेयर का नाम क्या है?
2. एक कानूनी कंप्यूटर प्रोग्राम का नाम लिखिए?
3. पेजमेकर की दो प्रमुख विशेषताएँ क्या-क्या हैं?
4. भारतीय भाषाओं केलिए प्रयुक्त लीप ऑफिस क्या है?

Answers /उत्तर

1. पेजमेकर।
2. लीप ऑफिस।
3. डिजाइनिंग एंड एडिटिंग।
4. लीप ऑफिस 2000।

Assignments/प्रदत्त कार्य

1. वर्तमान संदर्भ में पेजमेकर की आवश्यकता क्या है?
2. पेजमेकर माने क्या है ?
3. पेजमेकर के प्रमुख विशेषताएँ क्या-क्या हैं?
4. लीप ऑफिस की विशेषताएँ क्या-क्या हैं?
5. वर्तमान संदर्भ में लीप ऑफिस की आवश्यकता क्या है?

SGOU

इकाई 3

हिन्दी टाइपिंग फोंटः मंगल

Learning Outcomes / अध्ययन परिणाम

- हिन्दी टाइपिंग का परिचय प्राप्त होता है
- हिन्दी icon के बारे में समझता है
- हिन्दी कीबोर्ड का परिचय प्राप्त होता है
- मंगल फोंट का परिचय प्राप्त होता है

Prerequisites / पूर्वापेक्षा

हिन्दी टाइपिंग और अंग्रेजी टाइपिंग केलिए उंगलियों का स्थान समान है। विशेष वर्ण टाइप करने केलिए हमेशा एक ही उंगली का उपयोग करें और उस कुंजी को दबाने के बाद, अपनी उंगली को प्रारंभिक स्थिति में लौटा दें।

एक बात याद रखें, टाइपिंग सीखने केलिए अभ्यास ही कुंजी है, कोई शॉर्टकट नहीं है।

Keywords / मुख्य बिन्दु

हिन्दी आइकन, हिन्दी कीबोर्ड, मंगल फोंट

Discussion / चर्चा

2.3.1 हिन्दी टाइपिंगगाइड - मंगल फोंट

रेमिंगटन कीबोर्ड/मंगल फोंट केलिए हिन्दी टाइपिंग ट्यूटर कीबोर्ड पर गुलाबी रंग में हाइलाइट किए गए चरित्र के साथ है। ऊपरी टैब पर देखें यह आपको चरित्र दिखाएगा, आपको अंग्रेजी में टाइप करना होगा। चरित्र भी गुलाबी रंग में हाइलाइट किया गया है बस स्क्रीन पर देखें और टाइप करें, कीबोर्ड को न देखें। यदि आप दायां कुंजी दबाते हैं तो यह टाइप करने केलिए अगले वर्ण को हाइलाइट करेगा और कुंजी ऑन-स्क्रीन कीबोर्ड में हाइलाइट हो जाएगी।

यदि आप गलत कुंजी दबाते हैं तो यह आपको ऊपरी टैब पर एक 'ओओपी' संदेश दिखाएगा और आपके द्वारा टाइप की गई कुंजी कीबोर्ड पर लाल रंग में दिखाई देगी। एक बात याद रखें, टाइपिंग सीखने केलिए अभ्यास ही कुंजी है, कोई शॉर्टकट नहीं है। सभी अभ्यासों का अभ्यास करें और उस कुंजी को याद रखें जिससे चरित्र टाइप किया गया है। एक बार जब आप कुंजी और संबंधित वर्ण को याद कर लेते हैं तो आप कीबोर्ड को देखे बिना तेजी से टाइप कर सकते हैं।

- WPM शब्द प्रति मिनट केलिए खड़ा है।
- CPM का मतलब चरित्र प्रति मिनट है।
- शुद्धता GWPM और NWPM का प्रतिशत है।
- GWPM का मतलब सकल शब्द प्रति मिनट है।
- NWPM का मतलब नेटवर्ड प्रति मिनट है।

2.3.1.1 कीबोर्ड पर उंगलियों का स्थान

हिन्दी टाइपिंग और अंग्रेजी टाइपिंग केलिए उंगलियों का स्थान समान है। विशेष वर्ण टाइप करने केलिए हमेशा एक ही उंगली का उपयोग करें और उस कुंजी को दबाने के बाद, अपनी उंगली को प्रारंभिक स्थिति में लौटा दें।



2.3.1.2 कीबोर्ड होमरो पर उंगलियों का स्थान

होमरो वह पंक्ति है जहाँ हमें टाइपिंग शुरू करने से पहले अपनी उँगलियाँ रखनी चाहिए। जब हम किसी भी कुंजी को दबाने केलिए अपनी उंगलियों को घुमाते हैं तो उस कुंजी को दबाने के बाद हमें अपनी कुंजी को पिछली स्थिति में वापस कर देना चाहिए, जिसका अर्थ है कि होमरो की स्थिति, अंग्रेजी और हिन्दी टाइपिंग केलिए होम की स्थिति के बारे में जानने केलिए नीचे दीगई छवि देखें।



यह रेमिंगटन गेल/ सीबीआई टाइपिंग ट्यूटर यूनिकोड समर्थित मंगल फोंट के साथ डिजाइन किया गया है। रेमिंगटन गेल लेआउट यूनिकोड फोंट केलिए पारंपरिक टाइपराइटर लेआउट का प्रतिस्थापन है। इस लेआउट को सीखना समय की मांग है क्यों कि आज-कल यूनिकोड आधारित फोंट के युग में आपको एक टाइपिंग की जरूरत है जो यूनिकोड हिन्दी फोंट का समर्थन करता है। पारंपरिक कृति देव फोंट टाइपिंग से रेमिंगटन गेल में खुदको माइग्रेट करना बहुत आसान है, क्योंकि दोनों में लगभग एक ही कुंजी मैपिंग है।

चर्चा के बिंदु: Point of Discussion

यूनिकोड हिन्दी।

कीबोर्ड पर उंगलियों का स्थान।

मंगलफोंट।

Critical Overview / अवलोकन

हिन्दी टाइपिंग में एक बात याद रखें, टाइपिंग सीखने केलिए अभ्यास ही कुंजी है, कोई शॉर्टकट नहीं है। सभी अभ्यासों का अभ्यास करें और उस कुंजी को याद रखें जिससे चरित्र टाइप किया गया है। एक बार जब आप कुंजी और संबंधित वर्ण को याद कर लेते हैं तो आप कीबोर्ड को देखे बिना तेजी से टाइप कर सकते हैं।

Recap /पुनरावृत्ति

- हिन्दी कंप्यूटर एप्लीकेशन।
- हिन्दी कीबोर्ड।
- हिन्दी आइकन।
- हिन्दी कीबोर्ड में उंगलियों का स्थान।
- यूनिकोड हिन्दी।
- मंगलफोंट।

Objective questions /वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. एक हिन्दी फोंट का नाम लिखिए?
2. कंप्यूटर में हिन्दी कीबोर्ड उपलब्ध है न?
3. यूनिकोड किस भाषा की फोंट है?

Answers /उत्तर

1. मंगल फोंट
2. कंप्यूटर में हिन्दी, कीबोर्ड उपलब्ध है।
3. हिन्दी भाषा की।

Assignments/प्रदत्त कार्य

1. हिन्दी टाइपिंग
2. हिन्दी टाइपिंग, संक्षिप्त विवरण दीजिए?
3. मंगल फोंट माने क्या है?
4. मंगल फोंट की विशेषताएँ क्या है?

Reference /सन्दर्भ ग्रंथ सूची

1. मीडिया और हिन्दीः डॉ. पंडित बन्नै। अमन प्रकाशन /उत्तर प्रदेश।
2. कामकाजी हिन्दी शब्द संरचनाः गणपति भोटल रामनारायण, जय भारती प्रकाशन इलाहाबाद।
3. प्रयोजनमूलक हिन्दी तथा मीडिया लेखनः प्राचार्य डॉ बाबुराव देसाई, विकास प्रकाशन कानपुर।
4. इंटरनेट, विकीपीडिया

Regional Centres

Kozhikode
Govt. Arts and Science College
Meenchantha, Kozhikode,
Kerala, Pin: 673002
Ph: 04952920228
email: rckdirector@sgou.ac.in

Thalassery
Govt. Brennen College
Dharmadam, Thalassery,
Kannur, Pin: 670106
Ph: 04902990494
email: rctdirector@sgou.ac.in

Tripunithura
Govt. College
Tripunithura, Ernakulam,
Kerala, Pin: 682301
Ph: 04842927436
email: rcedirector@sgou.ac.in

Pattambi
Sree Neelakanta Govt. Sanskrit College
Pattambi, Palakkad,
Kerala, Pin: 679303
Ph: 04662912009
email: rcpdirector@sgou.ac.in

SGOU

हिन्दी कंप्यूटिंग

COURSE CODE: B21HD01SE

SGOU

YouTube

Sreenarayanaguru Open University
Kollam, Kerala Pin- 691601, email: info@sgou.ac.in, www.sgou.ac.in Ph: +91 474 2966841

ISBN 978-81-966440-5-5
9 788196 644055